तापमान

अधिकतम 24.7 डिग्री
न्यूनतम 6.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 18 दिसंबर 2023








## खबर संक्षेप

### अफीम के साथ दो युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** सदर यमुनानगर पुलिस ने पांजूपुर की कच्ची पटरी के पास से टाटा सफारी सवार दो युवकों को नशील पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। तालाशी के दौरान आरोपियों से 26 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी उत्तर प्रदेश से नशीला पदार्थ लाकर यमुनानगर के पासपास युवकों को नशीले पदार्थ की सप्लाई करते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।आरोपियों की पहचान संजीव वोहरा उर्फ काका तथा गौरव राणा के रूप में हुई।

### धमकी देने के मामले में आरोपी काबू

अंबाला। थाना महेशनगर मे दर्ज किशोरी से दुर्व्यवहार कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी विराट को गिरफ्तार किया है। किशोरी के पिता ने 13 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी विराट ने उसके घर में घुसकर उसकी पुत्री से दुर्व्यवहार कर जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### महिला से दुर्व्यवहार करने वाला गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना मे दर्ज महिला से दुर्व्यवहार कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी देवेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 5 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी देवेंद्र सिंह व अन्य ने उससे दुर्व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी देव उर्फ पंकज उर्फ अंकुश को गिरफ्तार किया है। अब उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। अंबाला छावनी के रहने वाले चंदा राम ने 16 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि देव उर्फ पंकज उर्फ अंकुश व अन्य ने नोवा रेफ्रिजेशन से एल्यूमिनयम, तांबा, पीतल और लोहे के समान के साथ बिजली की मोटरें चोरी की हैं।

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कलाकारों ने बांधा समां

अंतरराष्ट्रीय महोत्सव के रंग में रंग कर मदमस्त होकर नाचे कलाकार, रविवार को छुट्टी के दिन ब्रह्मसरोवर के तट पर उमड़ी पर्यटकों की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश भर से आए कलाकारों ने मदमस्त होकर अपने-अपने प्रदेश के लोक नृत्य को प्रस्तुत किया। विभिन्न प्रदेशों के कलाकारों ने कुरुक्षेत्र उत्सव गीता महोत्सव में समा बांधा और पर्यटकों ने तालियां बजाकर न केवल कलाकारों का अभिवादन स्वीकार किया, बल्कि उनकी प्रस्तुति की जमकर सराहना की और लोक नृत्यों पर जमकर डांस किया। अहम पहलू यह है कि रविवार को महोत्सव के मुख्य कार्यक्रमों की शुरूआत के साथ ही ब्रह्मसरोवर के तट पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पर्यटकों ने महोत्सव में जमकर खरीदारी की और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। महोत्सव के 11वें दिन सुबह व सायं के सत्र में उत्तराखंड, हरियाणा, हिमाचल, पंजाब, कश्मीर, राजस्थान, छत्तीसगढ़, असम के साथ-साथ विभिन्न प्रदेशों के कलाकारों ने अलग-अलग प्रस्तुति देकर पर्यटकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

भारत के इन सांस्कृतिक झरोखों को देखकर पर्यटक भाव-विभोर हो गए। इस उत्सव के इस मंच पर भारत की लोक संस्कृति को देखा जा सकता है। इन लोक नृत्यों में उत्तराखंड के लोक नृत्य ने पर्यटकों के सामने अपनी प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही बटोरी है। इस उत्सव में पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल और राजस्थान के लोक कलाकारों ने जमकर पर्यटकों का मनोरंजन किया और सभी को अपने मोहपाश में बांध दिया।महोत्सव के सरस और क्राफ्ट मेले को देखने के लिए लगातार पर्यटकों और श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही है।

ज्यों-ज्यों कुरुक्षेत्र महोत्सव आगे बढ़ रहा है, त्यों-त्यों इसकी रौनक भी बढ़ रही है। इस महोत्सव में आने वाले पर्यटक जहां शिल्पकला को पसंद कर रहे है, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनंद ले रहे है। इन लोक कलाकारों के लोक नृत्य ने भी दर्शकों को टकटकी लगाने पर मजबूर कर दिया। इस प्रकार ब्रह्मसरोवर के घाट भारत की संस्कृति का केंद्र बनता नजर आया। इस मंच पर सभी प्रदेशों की संस्कृति की झलक देखी गई।



### शिल्पकारों के हाथों की करामात दिखा रही अद्भुत कला के नजारे

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में 7 दिसंबर से ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर लगे सरस और क्राफ्ट मेले में विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकारों के हाथों की करामात अद्भुत शिल्पकला के नजारे पेश कर रही है। शिल्पकारों ने अपने-अपने राज्यों की अनोखी शिल्पकला को दिखाकर पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने का काम किया है। इन शिल्पकारों के हस्त शिल्पकला को देखने के लिए दूर-दराज से लाखों की संख्या में पर्यटक पहुंच रहे है। कुरुक्षेत्र-धर्मक्षेत्र की पावन धरा पर लगे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में पिछले कई साल से आ रहे दानिश ने कहा कि वे अपने साथ लकड़ी से बने सुंदर-सुंदर फ्लावर पॉट, डायनिंग टेबल, कॉफी टेबल, टी टेबल, बॉक्स स्टूल, शॉल स्टूल, कुर्सी रोड आयरन, ड्रेसिंग टेबल, ज्वैलरी बाक्स इत्यादि का सामान लेकर आए है। सभी को आकृर्षित करने वाला हाथों की अदभुत कारगिरी से बना यह सामान बहुत ही सुंदर और घर की सज्जा-सजावट के लिए है और लोग इस सामान की जमकर खरीददारी कर रहे है। इस सामान को बनाने के लिए वे इस लकड़ी को असम से मंगवाते है और इसके बाद उस लकड़ी पर फिनिशंग का कार्य किया जाता है जो कि अपने आप में हस्तकला की कहानी को बयां करता है। उन्होंने कहा कि इस सामान को बनाने के लिए 2 से 3 आदमी कार्य करते है मशीने सिर्फ लकड़ी को काटने के लिए प्रयोग में लाई जाती है लेकिन हाथों की अदभुत कला से जब इस सामान को आखरी स्वरूप दिया जाता है तो इसे देखने वाले पर्यटक आश्चर्यचकित हो जाते है। उन्होंने बताया कि इस सामान की कीमत 500 से 50 हजार रुपए तक की है। इस सामान पर पालिश इत्यादि का कार्य भी हस्तशिल्प कला से ही किया जाता है। हथौड़ी और छेनी की ऐसी हस्तशिल्प कला ने यहां पर आने वाले सभी पर्यटकों के मन को मोह लिया है।



### पंजाब से विशेष ग्रुप आमंत्रित

किसी भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में जान फूंकने का काम पंजाब का भांगड़ा करता है। इस लोक नृत्य की प्रस्तुति देने के लिए पंजाब से विशेष ग्रुप को आमंत्रित किया गया। पंजाब के साथ-साथ विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकारों ने भी अपने-अपने लोक नृत्यों कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इन कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

### मंत्रोच्चारण और शंखनाद के बीच हुआ पवित्र ग्रंथ गीता का पूजन

मंत्रोच्चारण और शंखनाद की गुंजायमान ध्वनि के बीच कुरुक्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में पवित्र ग्रंथ गीता के पूजन की रस्म को अदा किया गया है। इस परम्परा को निभाते हुए भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, विधायक सुभाष सुधा, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने गीता यज्ञ में पूर्ण आहुति भी डाली और ब्रह्मसरोवर का पूजन भी किया। इस हवन यज्ञ में शंखनाद की ध्वनि के बीच ब्रह्मसरोवर के चारों तरफ श्लोकोच्चारण से पूरी फिजा ही गीतामय हो गई।



अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में रविवार को ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में भगवान श्रीकृष्ण-अर्जुन रथ के साथ कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की तरफ से हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस हवन यज्ञ में पंडित नरेश कुमार सहित अन्य ब्राह्मणों ने परंपरा को निभाते हुए हवन यज्ञ की शुरूआत की और इस हवन यज्ञ में पुर्ण आहुति डालने और विश्व शांति व मानव कल्याण के लिए पूजा-अर्चना करने के लिए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, विधायक सुभाष सुधा, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक डा. पवन सैनी, अतिरिक्त उपायुक्त एवं सीईओ केडीबी अखिल पिलानी, केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, कुरुक्षेत्र 40 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, भाजपा नेत्री ममता सैनी, केडीबी सदस्य अशोक रोशा, डा. ऋषिपाल मथाना, कैप्टन अमरजीत सिंह, पूर्व सदस्य विजय नरुला सहित अन्य गणमान्य लोग और अधिकारीगण पहुंचे। गीता यज्ञ में पूर्ण आहुति डालने के बाद पवित्र ग्रंथ गीता का पूजन किया गया। इसके बाद सभी मेहमानों में परंपरा अनुसार पवित्र ब्रह्मसरोवर का भी पूजन किया। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से गीता जयंती को अंतर्राष्टद्रीय गीता महोत्सव का दर्जा मिला। इस महोत्सव में हर साल लाखों की संख्या में लोग शिरकत करते है और इस महोत्सव का आनंद लेते है। यह महोत्सव 24 दिसंबर तक जारी रहेगा। इस महोत्सव को लेकर पूरे प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### बहरुपिए कर रहे पर्यटकों का मनोरंजन

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में बहरूपिये पर्यटकों व स्थानीय लोगों का बहुत मनोरंजन कर रहे है। राजस्थान से आए बहरूपिये व कलाकारों के साथ पर्यटक जमकर सेल्फी खिंचवा रहे है। इस महोत्सव में यह बहरुपिए पर्यटकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। यह कलाकार 24 दिसंबर तक इस महोत्सव में अलग-अलग वेशभूषा बदलकर पर्यटकों व स्थानीय लोगों का भरपूर मनोरंजन करेंगे।

### सूचनाओं के आदान-प्रदान से मिल रही जानकारी

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा स्टाल नंबर एक पर बनाए गए सूचना केंद्र पर 7 दिसंबर से लेकर 17 दिसंबर तक हजारों सूचनाएं देकर बिछड़ों को मिलाने, खोए हुए बच्चों को अभिभावकों से मिलाने, स्कूलों के विद्यार्थियों के साथ-साथ खोए हुए सामान व अन्य मामलों का निपटारा करने का काम किया गया है। इस सूचना केंद्र की कमान खंड प्रचार कार्यकर्ता मनोज कुमार, कृष्ण लाल, राजकुमार शर्मा, पवन कुमार, सहित अन्य स्टाफ ने संभाली।

### सांसद व विधायक ने थानेसर विधानसभा विकास यात्रा प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**कुरुक्षेत्र।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी व विधायक सुभाष सुधा ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में पहली बार विधायक के प्रयासों से लगी थानेसर विधानसभा विकास यात्रा प्रदर्शनी का उदघाटन किया। इस प्रदर्शनी में थानेसर विधानसभा क्षेत्र में पिछले 9 सालों में सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का खाका फोटो सहित देखा जा सकेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी ने इस प्रदर्शनी के साथ रिबन काटने की परंपरा को समाप्त करते हुए रिबन की गांठ खोलकर उद्घाटन करने की परंपरा का आगाज किया। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि थानेसर विधानसभा क्षेत्र में पिछले 9 सालों में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य हुए है।



# विदेश भेजने के नाम पर 17 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

विदेश भेजने के नाम पर 17 लाख की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया। असंध के रूकसाना गुरदास सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बारहवीं पास है। उसने विदेश जाने की योजना बनाई। करीब 2 साल पहले सेक्टर-6 निवासी संजीव शर्मा का सोशल मीडिया पर विदेश भेजने का विक्षपर देखा। उसके बाद आरोपी से विदेश जाने के बारे में युवक ने संपर्क किया। वह अपनी बुआ के बेटे के साथ आरोपी संजीव शर्मा से मिलने के लिए पहुंचा। आरोपी ने पीड़ित युवक को कनाड़ा भेजने का झांसा दिया। वर्क वीजा पर 20 लाख रुपये की मांग की गई। पीड़ित ने आरोपी को पहले 2 लाख और दस्तावेज दे दिए। जनवरी 2021 में बुआ के लडक़े अवतार सिंह के साथ युवक दोबारा से आरोपी से मिलने के लिए पहुंचा। आरोपी ने कहा कि जल्द वीजा लग जाएगा और बाकी रकम का इंतजाम करें। पीड़ित ने जमीन बेचकर बाकी रकम की योजना बनाई। 21 जुलाई 2021 को पीड़ित ने गांव के सरपंच की मौजूदगी में आरोपी को 2.90 लाख दे दिए। इस तरह आरोपी ने विदेश भेजने के नाम पर 17 लाख रुपये ले लिए। युवक को आरोपी विदेश नहीं भेज सके। दिल्ली में फ्लाइट से विदेश भेजने से पहले तीन दिन तक होटल में रखा। धोखाधड़ी की भनक होने पर पीड़ित युवक ने आरोपी से रकम वापस मांगी तो टाल-मटोल करता रहा। बाद में तीन लाख का चेक दिया। जो कि बाउंस हो गया।

■ पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की

# अंबाला-हिसार हाइवे पर हादसा बाइक सवार दो लोगों की मौत

**अंबाला।** अंबाला-हिसार हाइवे पर बीते रोज भीषण हादसा हो गया। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक महिला बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि खासपुर से मोटरसाइकिल पर इस्माइलाबाद बाइक पर जा रहे महिला समेत 3 लोगों को ट्रक ने चपेट में ले लिया। हादसे में महिला पालो देवी व अमरीक सिंह को अस्पताल में लाया गया। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में बाइक चालक अजय कुमार को चोटें आईं। रामकुमार के मुताबिक वह मटहेड़ी में सीएससी सेंटर चलाता है। शनिवार देर शाम को उसके पिता अमरीक सिंह, ताई पालो देवी व ताया का बेटा अजय कुमार उनके गांव खासपुर से सुबह 9 बजे बाइक पर इस्माइलाबाद के लिए निकले थे। जब वे सकराहो मोड से नग्गल की तरफ अम्बाला-हिसार हाइवे पर पहुंचे तो धुंध पड़ रही थी।

■ ट्रक चालक की लापरवाही से हुआ हादसा, बाइक चालक भी हादसे में जख्मी

# 29 हजार के नकली नोट थमाकर एक बकरी और दो भेड़ लेकर आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणगढ़

गांव पंजलासा के भेड़ पालकों को कार सवार 3 ठग 29 हजार के नकली नोट देकर एक बकरी व 2 भेड़ें ले गए। दिलचस्प बात ये है कि भेड़ पालकों को न ठगों की पहचान है और न उनकी कार के नंबर की जानकारी। फिलहाल पुलिस ने भेड़ पालकों की शिकायत पर ठगी का केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पवन कुमार ने कहा कि गुरुवार शाम करीब 5:30 बजे वह और उसका भाई नर्मिल शिव मंदिर के नजदीक भेड़ें चरा रहे थे। इसी दौरान सफेद रंग की कार में 3 लोग उनके पास पहुंचे। कार सवारों ने उनसे बकरी और भेड़ खरीदने की बात कही। आरोपियों ने 30 हजार में एक बकरी और 2 भेड़ें खरीद ली। ठग एक हजार एडवांस देकर एटीएम से पैसे निकालने की बात कहकर चले गए। कुछ देर बाद ठग भेड़ मालिक को 500-500 के 58 नोट देकर भेड़-बकरी ले गए। जब पवन ने घर जाकर देखा तो सभी नोट नकली थे। पुलिस ने ठगों के खिलाफ जाली नोट उपयोग करने और ठगी करने का केस दर्ज किया है

## व्यापार में इजाफा

गृहमंत्री विज बोले, जिले में उद्यमियों के लिए बेहतर ढांचा मौजूद

# साहा ग्रोथ सेंटर के विस्तार के लिए राज्य सरकार करेगी 2300 एकड़ भूमि की खरीद

अंबाला में डोमेस्टिक एयरपोर्ट का काम प्रारंभ कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि साइंस इंडस्ट्री पर अंबाला का सबकुछ निर्भर करता है। उद्यमियों को बढ़ावा मिले इसके लिए राज्य सरकार साहा ग्रोथ सेंटर के वस्तिार हेतु 2300 एकड़ भूमि की खरीद करने जा रही है। साइंस इंडस्ट्री के लिए ट्रांसपोर्टेशन बेहतर हो, इसके लिए ईर्स्टन डेडीकेटिड फ्रेट कॉरिडोर पर नए फ्रेट टर्मिनल निर्माण की प्रक्रिया भी चल रही है। विज देर रात अंबाला में असीमा (अम्बाला साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट मैन्युफेक्चर्र एसोसिएशन) के डिजिटल डायरी के विमोचन कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि साइंस उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि साइंस इंडस्ट्री द्वारा बनाए गए माइक्रोस्कोप या अन्य उपकरणों पर ही बड़े डॉक्टर, इंजीनियर, स्पेस साइंटस्टि व अन्य पढ़कर आगे बढ़े हैं। अंबाला के विकास में साइंस इंडस्ट्री का महत्वपूर्ण योगदान है। यहां इंडस्ट्री को बिजली, पानी, ट्रांसपोर्टेशन व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है जिससे व्यापार में इजाफा हुआ है। इस समय सड़कों के जाल से बुना जा रहा है। अंबाला-साहा रोड को फोरलेन किया जा चुका है जिससे उद्यमियों का साहा ग्रोथ सेंटर तक आना-जाना काफी आसान हो गया है। इसी तरह रिंग रोड, अंबाला से दिल्ली वाया शामली एक्सप्रेस-वे, अंबाला-कालाअंब व अंबाला-चंडीगढ़ ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास किए जा रहे हैं कि रिंग रोड को हाइवे नंबर 152-डी से जोड़ा जा सके। विज ने कहा कि अमेरिका इसलिए अमीर नहीं है कि उसकी सड़के अच्छी है, उसकी सड़के अच्छी है इसलिए अमेरिका अमीर है, हम बेहतर ढांचा उपलब्ध कराते हैं तो इसका लाभ साइंस इंडस्ट्री को मिलेगा। यहां डोमेस्टिक एयरपोर्ट का भी काम प्रारंभ कर दिया है , कोशिश है कि चार-पांच माह में विमान सेवा यहां से प्रारंभ की जा सके। कुछ महीने पहले आई बाढ़ के कारणइंडस्ट्री एरिया को काफी नुक्सान हुआ है।



अंबाला। डिजिटल डायरेक्टरी के विमोचन के दौरान क्यूआर कोड स्कैन करते गृहमंत्री अनिल विज।

### असीमा की डिजिटल डायरेक्टरी का विमोचन

दोबारा बाढ़ न आए इसके लिए टांगरी नदी पर इंडस्ट्री एरिया छोर पर नया तटबंध बनाया जाएगा और इसकी मंजूरी सरकार से दिलवाई गई है।

असीमा के नए कार्यालय निर्माण हेतु विज ने दस लाख रुपये का आर्थिक सहयोग देने का ऐलान भी किया। उन्होंने असीमा की डिजिटल डायरेक्टरी का विमोचन क्यू-आर कोड स्कैन करते हुए किया। इस अवसर पर जीएसटी कमश्निर राजन दत्त, असीमा के अध्यक्ष वक्रिम चौधरी, साहा इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष राजबीर चौधरी, पूर्व प्रधान संजय गुप्ता, एसडीएम लक्षित सरीन, जीएसटी डीसी शिखादीप रंधावा, सौरव नागपाल भी मौजूद थे।

# नए नोटिफिकेशन के खिलाफ प्रदेश भर में बीस को रहेंगी सब्जी मंडियां बंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

हरियाणा सरकार द्वारा सब्जी मंडियों पर थोपे जा रहे मनमाने काले कानूनों के खिलाफ 20 दिसंबर को पूरे प्रदेश भर में सब्जी मंडियां बंद रहेंगी। इसका आह्वान हरियणा सब्जी मंडी संगठन ने किया हैं। इस दिन पूरे प्रदेश भर में सब्जियां फल नहीं बिकेंगे। इसी हड़ताल को करनाल के सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने अपनी तरफ से पूरा समर्थन किया हैं। 20 दिसंबर को करनाल में भी सब्जी मंडी में काम काज ठप रहेगा। इसको लेकर आज करनाल सब्जी मंडी में आढ़तियों के साथ अन्य वर्ग के लोगों की बैठक हुई। इसमें सर्व सम्मति 20 दिसंबर की हड़ताल को सफल बनाने का निर्णय लिया।

यदि मांग नहीं मानी गई तो पंद्रह जनवरी से पूरे प्रदेश में सब्जी मंडी अनश्चितिकाल के लिए बंद कर दी जाएंगी। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार मनमाने कानून बना कर उन्हें परेशान कर रही हैं। इस अवसर पर अवतार सिंह तारी, कृष्णा सचदंवा, नरेंद्र कुमार, जितेंद्र मलिक, मोनू शर्मा,कमल ढांगड़ा, तेजेंद्र पाल सिंह ढींगडा डिम्पी,प्रमोद बजाज, राजू मदान, राजू मर्सी, पंचम छावड़ा, दलविंदर सिंह, मुरारी लाल, अंशिल सचदेवा, राम लाल, नाथी राम, सहित तमाम सदस्यों ने हड़ताल का समर्थन किया।

■ करनाल सब्जी मंडी में हुई बैठक, कहा: 15 जनवरी से बेमियादी हड़ताल करेंगे



करनाल सब्जी मंडी में आयोजित आढ़तियों की बैठक ।

## खबर संक्षेप



### श्रीकृष्ण का संदेश सभी के लिए है लाभकारी:- ब्रह्मचारी

**यमुनानगर।** इस्कॉन द्वारा अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष में शहर के सिटी पैलेस में आयोजित की जा रही श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, कथा समापन पर नगर में शोभायात्रा भी निकाली गई।

### सूने घर से चुराई डेढ़ लाख रुपये की नकदी

**यमुनानगर।** शहर के खेड़ा मोहल्ला में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर डेढ़ लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। हालांकि घर रखे जेवर सुरक्षित बच गए। घटना के समय परिवार के सदस्य अपने-अपने काम पर गए थे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### हादसे में दो घायल

**यमुनानगर।** गांव जुब्बल के पास ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार दो भाई घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

वार्षिक समारोह में मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

# नेशनल पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह उत्सव-2023 का भव्य रुप से हुआ आयोजन

**समारोह में आईअआरएस (आईटी) ज्वांइट कमिश्नर चंडीगढ़ अदिति सिंह ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग**

### बाधाओं से विचलित हुए बिना लक्ष्य को करें प्राप्त : अदिति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुननानगर

शहर के दिल्ली मार्ग स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह उत्सव-2023 का भव्य रुप से आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रुप में आईअआरएस (आईटी) ज्वांइट कमिश्नर चंडीगढ़ अदिति सिंह ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन आरएस पुंडीर ने की। समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि अदिति सिंह ने दीप प्रज्वलित करके समारोह का शुभारंभ किया गया। इस दौरान









**यमुननानगर।** यमुनानगर के नेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक समारोह उत्सव 2023 में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते हुए विद्यार्थी व होनहार छात्रा को पुरस्कार के रुप में लैपटॉप देकर सम्मानित करते स्कूल के चेयरमैन आरएस पुंडीर। *फोटो : हरिभूमि*

सबसे पहले बच्चों ने गणेश वंदना की प्रस्तुति देकर सभी को भक्तिभाव में भर दिया। इसके बाद समारोह में उत्साह से भरपूर बाल विद्यार्थियों ने आई एम अ बार्बी गर्लस और रैंप वॉक की मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इसके बाद समारोह में विद्यार्थियों ने पंजाबी, राजस्थानी, गुजराती और हरियाणवी समेत विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों की भव्य प्रस्तुतियां देकर भारतीय सांस्कृतिक विविधता को साकार करके सभी को भाव विभोर कर दिया। मौके पर बच्चों ने कराटे में भी विभिन्न प्रस्तुतियां देकर सभी को दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। समारोह में अभिभावकों के नमस्कार और जल बचाओ जैसे अभिनव अभिनय ने समाजिक संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। महाभारत पर आधारित अभिनय ने महाकाव्य की गहराई और शिक्षाओं को उजागर किया। हृदय को छू लेने वाले देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण एक्ट ने सभी उपस्थित जनों को भावुक कर दिया।

समारोह में स्कूल की पूर्व छात्रा रही एचसीएस अधिकारी श्वेता पंजेटा को मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया गया। छात्रा शताक्षी को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए लैपटॉप प्रदान किया गया और मेधावी छात्र पारुल जयसवाल, नमन, कुलदीप सिंह, वैभव बिजलान आदि प्रत्येक होनहार विद्यार्थियों को 5100 रुपये के चेक द्वारा स्कॉलरशिप प्रदान की गई। वहीं, आईआईटी में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे पूर्व छात्र साहिल शर्मा को भी सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि अदिति सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वह खुद पर विश्वास रखते हुए अपने हृदय की सुनते हुए बाधाओं से विचलित हुए बिना अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

उन्होंने छात्राओं से सामाजिक स्टीरियोटाइप को ध्वस्त करते हुए सफलता पाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए उन्होंने विद्यालय के चेयरमैन, प्रिंसिपल व शिक्षक वर्ग को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मौके पर स्कूल के चेयरमैन आरएस पुंडीर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और मुख्यातिथि अदिति सिंह, विशिष्ठ अतिथि राज जैन समेत अन्य अतिथियों और अभिभावकों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।



### युवा वर्ग देश को विकसित बनाने में दें अपना योगदान

**यमुनानगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का गांव इस्माइलपुर, भूलखेड़ी व नत्थनपुर में पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने भाग लिया। मौके पर आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए युवाओं को अपना योगदान देना चाहिए। क्योंकि आज की युवा पीढ़ी अमृत काल की पीढ़ी है। उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह मोदी की व्यवस्था परिवर्तन का परिणाम है कि सरकारी अधिकारी गांव गांव जाकर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के भरपूर अवसर देने के लिए मेरा युवा भारत पोर्टल शुरू किया है। इस पोर्टल के माध्यम से मेरा भारत संगठन युवाओं को ऐसा अवसर देगा। जिसमें वह अपनी कौशल क्षमताओं को निखारने और उसका उपयोग करने का अवसर प्राप्त कर सकेंगे।

# लघु नाटिका से समाज में फैली बुराइयों पर किया कटाक्ष

- ऑल इंडिया समाज सेवा केंद्र द्वारा राजकीय आदर्श संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कार्यशाला का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

ऑल इंडिया समाज सेवा केंद्र के तत्वावधान में सरस्वती नगर स्थित राजकीय आदर्श संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर चल रही तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। समापन अवसर पर बच्चों ने



**यमुनानगर।** यमुनानगर के सरस्वती नगर स्थित राजकीय आदर्श संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यशाला के समापन पर लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

प्रदर्शनी में आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। मौके पर बच्चों ने लघु नाटिका प्रस्तुत कर समाज में फैली बुराईयों पर जमकर कटाक्ष किया। कार्यशाला के समापन पर ऑल इंडिया समाज सेवा केंद्र के प्रधान मनमोहन सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से विशाल सिंगला व खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से हुकुम सिंह मौजूद रहे। मौके पर विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थियों ने कार्यशाला के समापन पर आयोजित प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों पर आकर्षक मॉडल बनाकर प्रस्तुत किए। वहीं, बच्चों ने पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी व वाद विवाद प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अलावा कार्यशाला में बच्चों ने बच्चों ने लघु नाटिका की प्रस्तुति देकर समाज में फैली बुराइयों के प्रति सचेत किया। मौके पर अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर उत्कृष्ट मॉडल बनाने वाले बच्चों को प्रमाणपत्र, पदक व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रणजीत कौर, सुषमा, मीना व मीनू चसवाल आदि मौजूद रहे।



### सैनी महाकुंभ जींद में भाग लेने के लिए रादौर से सैनी समाज के लोगों का जत्था हुआ रवाना

**रादौर।** सैनी समाज की ओर से जींद में आयोजित सैनी महाकुंभ में भाग लेने के लिए रविवार को सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी व सरपंच देवेंद्र सैनी सरपंच टोपरा खुर्द के नेतृत्व में क्षेत्र से सैंकड़ों समाज के लोगों का जत्था रवाना हुआ। सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी व देवेंद्र सैनी ने कहा कि समाज की ओर से महाकुंभ कार्यक्रम में भाग लेने के लिए समाज के लोगों में भारी उत्साह देखा गया। उन्होंने कहा कि सैनी महाकुंभ में सरकार से समाज के लोगों को विधानसभा व लोकसभा की टिकट दिए जाने, महाराजा शूरसैनी व महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर सरकारी अवकाश घोषित किए जाने, समेत अन्य मांगो पर विचार किया जाएगा। इस अवसर पर सरपंच देवेंद्र सैनी, सरपंच रिम्पी सैनी, सरपंच अमन सैनी, सरपंच रोहतास सैनी, श्याम सैनी, जितेंद्र सैनी, नीरज सैनी, विक्रम सैनी, सोनू सैनी, शुभम सैनी व पंकज सैनी आदि मौजूद रहे।

# श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारी

- जगाधरी में सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सदस्यों की आयोजित हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

श्रीराम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य रुप से मनाए जाने के लिए रविवार को जगाधरी में विभिन्न धार्मिक व सामाजित संगठनों के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार ने की। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि श्रीराम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए जगाधरी शहर को 14 बस्तियों में बांटा गया है। सभी के संयोजक व सह संयोजक नियुक्त किए गए है।



**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों की बैठक में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में भाग लेते संस्थाओं के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

एक जनवरी से 15 जनवरी तक शहर के सभी घरों में पूजित अक्षत, पत्रक व श्रीराम जन्मभूमि का चित्र पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 14 जनवरी से नगर में प्रभात फेरी निकली जाएगी। इसी दिन से घरों को दीपावली की तरह सजाने का काम भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम चंद्र 14 वर्ष का वनवास के बाद जब अयोध्या पहुंचे थे। तब सभी ने दीपावली मनाई थी। अब 500 साल के उपरांत श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। उस दिन भी पूरे भारत में दीपावली मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को सभी जगहों पर श्रीराम मंदिर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उस दिन सुबह नौ बजे से लेकर 11 बजे तक भजन कीर्तन, सुंदर कांड पाठ आदि का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 11 बजे से एक बजे तक लाइव प्रोग्राम में सहभागीता रहेगी। इसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मौके पर नगर पालक मुल्कराज दुआ, सह नगर पालक डॉ. जितेंद्र कुमार, नगर संयोजक अनिल कुमार, सह संयोजक प्रवेश कुमार, रजनी प्रकाश, गीता गुप्ता व जिला सह संयोजक लक्ष्य बिंद्रा आदि मौजूद रहे।

### बूथ स्तर पर मनाया जाएगा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस

**रादौर।** भाजपा द्वारा 25 दिसंबर को बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस श्रद्धापूर्वक सुशासन दिवस के रुप में मनाया जाएगा उक्त जानकारी भाजपा के सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन नरेंद्र सिंह राणा ने दी। उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर को कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर एकत्र होकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि भेंट करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में बूथों पर पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि भेंट करें।

# भारतीय मजदूर संघ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

भारतीय मजदूर संघ की जिलास्तीरय बैठक का आयोजन रविवार को निगम कार्यालय स्थित संघ कार्यालय में हुआ। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में संघ के उत्तर क्षेत्र के सह संगठन मंत्री सोहनलाल गुप्ता व प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मेहला ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष विजय कांबोज ने की। बैठक में दो दो फरवरी को यमुनानगर में आयोजित होने वाले प्रांतीय अधिवेशन की तैयारियों के लिए रुपरेखा बनाई गई। संघ के जिला अध्यक्ष विजय कांबोज ने बताया कि बैठक में अधिवेशन को भव्य रुप से सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई है। जिसमें कार्यकर्ताओं की




ड्यूटियां लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रांतीय अधिवेशन में हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे। जिला अध्यक्ष विजय कांबोज ने बताया कि संघ का प्रांतीय अधिवेशन यमुनानगर जिला में पहली बार होने जा रहा है। जिसे भव्य रुप से आयोजित करने के लिए भारतीय मजदूर संघ जिला यमुनानगर की कार्यकारिणी तैयारियों के लिए पूरी तरह जुट गई है। इस अवसर पर संघ के प्रांतीय कर्मचारी नेताओं ने भी दिशा निर्देश दिए। मौके पर जिला मंत्री आशीष धीमान, जिला कैशियर राज ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष संजीव कांबोज, साहब सिंह, नगर निगम के प्रधान मोहनलाल गोरी, राजेंद्र सिंह ,सुभाष राणा, कौशिक चौहान, संजय ,धर्मवीर, विनोद कुमार व कमल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## तलाक के बाद भी जबरन शारीरिक संबंध बनाने का पति पर लगाया आरोप

**यमुननानगर।** शहर की एक कालोनी निवासी महिला से उसके पति ने तीन तलाक के बाद भी उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं हलाला के नाम पर देवर ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। थाना शहर यमुनानगर पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर जीरो एफआईआर दर्ज कर केस को सहारनपुर पुलिस को रेफर कर दिया। थाना शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में शहर की एक कालोनी निवासी महिला ने बताया कि 10 अगस्त 2022 को उत्तर प्रदेश के अकबर ने उसे व उसके बच्चे को तीन तलाक देकर घर से बाहर निकाल दिया था। उसकी शिकायत पर 22 अप्रैल 2023 को पुलिस ने मुस्लिम वूमेन प्रोटेक्शन राइट ऑन मैरिज एक्ट की धारा 3 व 4, 354, 406 व 498 के धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद गत चार सितंबर को उसकी ससुराल वाले उससे समझौता करने और केस वापस लेने के लिए उस पर दबाव बनाने लगे। इसलिए उसने पुलिस से एक महीने का समय ले लिया। गत दो अक्तूबर को अकबर उसके पास आया और कहने लगा कि वह रात को रूक कर सुबह चला जाएगा। उस रात अकबर ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए और कहा कि वह सहारनपुर जाकर दोबारा निकाह कर लेंगे। अगले दिन पति बहाना बनाकर वहां से चला गया और देर रात को वापस आया। सुबह चलने की बात कह कर आरोपी ने उसके साथ दोबारा शारीरिक संबंध बनाए। चार अक्तूबर को वह उसे अपने साथ ले गया और सहारनपुर अपने घर के पास उतार कर कहा कि तुम घर चलो वह थोड़ी देर में आता है। उसी रात उसका देवर मुन्ना उसके कमरे में आया और उसके साथ दुष्कर्म किया। देवर ने कहा कि बिना हलाला के आप अपने पति के साथ नहीं रह सकती। उसने सारी बात से अपनी सास को अवगत कराया। परंतु उसने एक न सुनते हुए कहा कि हमारे धर्म में हलाला के बिना दोबारा अपने पति के साथ नहीं रह सकती। उसने मामले की सूचना शहर यमुनानगर पुलिस को दी। पुलिस ने जांच के बाद जीरो एफआईआर दर्ज कर मामले को थाना मंडी सहारनपुर में रेफर कर दिया।

**दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने धार्मिक संत समागम का किया आयोजन**

# मानव के मन की दशा के ऊपर निर्भर है समाज की व्यवस्था: भारती

- साध्वी सुयशा भारती ने समाज की दशा की स्थिति से साध संगत को करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुननानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में साप्ताहिक धार्मिक संत समागम का आयोजन किया। जिसमें साध्वी सुयशा भारती ने समाज की दशा की स्थिति से साध संगत को अवगत करवाया। मौके पर साध्वी बहनों ने सुंदर भजन प्रस्तुत कर साध संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। साध्वी सुयशा भारती ने फरमाया कि समाज की दशा मानव के मन की दशा के ऊपर निर्भर





**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित धार्मिक संत समागम में प्रवचन करते हुए साध्वी सुयशा भारती व भाग लेते हुए साध संगत।

करती है। जब किसी वृक्ष के फलों को कीड़ा लग जाए तो उसकी जड़ों को खाद पानी और दवाई से सींचा जाता है। ताकि फिर से वह वृक्ष स्वस्थ हो पाए। इसी प्रकार वैमनस्यता, स्वार्थ, परायणता, भ्रष्टाचार, अशुद्ध, आचरण समाज रूपी वृक्ष के रोग हैं। जिन्हें समाप्त करने के लिए इसकी जड़ पर कार्य करना होगा और समाज का निर्माण करने वाले मानव ही इसकी जड़ हैं।

#### गुरु का सानिध्य आवश्यक

साध्वी सुयशा भारती ने इस समस्या का निदान देते हुए कहा कि समाज में परिवर्तन तभी संभव है जब समाज का निर्माण करने वाले मानव के हृदय के भीतर सकारात्मक परिवर्तन आए। मानव के हृदय परिवर्तन के लिए ब्रह्मनिष्ठ गुरु का सानिध्य अति आवश्यक है। यह तथ्य विचारणीय है कि संसार में हम छोटे से छोटा कार्य भी बिना गुरु के दिशा निर्देश के सफलतापूर्वक सिद्ध नहीं कर सकते हैं। तो क्या हम बिना गुरु के अपने कर्म संस्कारों और अपनी बिगड़ी हुई आदतों को केवल अपने पुरुषार्थ से सुधार सकते हैं। जब ब्रह्मनिष्ठ संत अपने तपोबल से एकत्रित की गई ऊर्जा का शक्तिपात ब्रह्मज्ञान के द्वारा हमारी आत्मा पर करते हैं तभी हमारे जीवन की गति सकारात्मक होती है।

हम प्रत्येक कार्य परोपकार की भावना और दैवीय प्रेरणा से करते हैं तब संपूर्ण मानव समाज का कल्याण होता है। जब एक व्यक्ति प्रकृति के प्रति कर्तव्य निष्ठ और परमात्मा के प्रति श्रद्धावान होता है तो वह कण कण में ईश्वरीय शक्ति का अनुभव करता है । ऐसा मनुष्य जो भी कार्य करता है वह सेवा भाव से परिपूर्ण होकर ही करता है। समाज रूपी इस वृक्ष को अगर हम फिर से स्वस्थ करना चाहते हैं तो इसके मूल मानवीय हृदय का आज ब्रह्म ज्ञान रुपी अमृत से सिंचन होगा। तभी समाज का वृक्ष आनंद की छाया देने वाला और धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष रूपी फल प्रदान करने वाला होगा जिससे हम अपने मानव होने के कर्तव्य को पूर्ण कर पाएंगे । यह इस पृथ्वी के लिए हमारा सर्वश्रेष्ठ योगदान होगा। कार्यक्रम के अंत में साध्वी बहनों ने सुमधुर भजनों का गायन करके समूह संगत को कृतार्थ किया।

## खबर संक्षेप



### दिनभर रही जाम की स्थिति, रेंगते रहे वाहन

कुरुक्षेत्र। अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान रविवार को भारी संख्या में लोग ब्रह्मसरोवर में पहुंचे। इस कारण ब्रह्मसरोवर के आसपास दिनभर जाम की स्थिति रही। खासकर महाराणा प्रताप चौक के समीप ट्रेफिक की आवाजाही अधिक रही। जाम के कारण जिलावासियों व आसपास के जिलों से आए लोगों को खासी परेशानी हुई। महाराणा प्रताप चौक के समीप दिनभर वाहन रेंगते नजर आए।

### सरकारी योजनाओं से बदल रहा है जीवन स्तर

**कुरुक्षेत्र।** केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनहित की योजनाओं की बदौलत प्रदेश के लोगों का जीवन स्तर बदल रहा है। सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप देश-प्रदेश में विकास की नई ब्यार बह रही है। ये विचार गांव गोविंद माजरा के मिडिल स्कूल में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा व जन संवाद कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के पूर्व सदस्य रविंद्र सांगवान ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विदेशों में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। इस अवसर पर उज्ज्वला योजना की लाभार्थी को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया गया जिसके तहत लाभार्थी को सिलेंडर, चूल्हा ,रबर पाइप और रेगुलेटर मुफ्त दिए गए।
मौके पर पेंशन के लाभार्थियों को पेंशन योजना का लाभ भी दिया गया।

## उपराष्ट्रपति व मुख्यमंत्री ने ब्रह्मसरोवर पुरुषोतमपुरा बाग में राज्यस्तरीय प्रगतिशील हरियाणा प्रदर्शनी का अवलोकन किया

# विकासात्मक उपलब्धियों में देश के अग्रणी राज्यों में है हरियाणा

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हरियाणा प्रदेश गौरवशाली इतिहास के साथ विकासात्मक स्वरूप का प्रत्यक्ष उदाहरण है: जगदीप धनखड़



कुरुक्षेत्र। राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का अवलोकन करते उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हरियाणा प्रदेश गौरवशाली इतिहास के साथ विकासात्मक स्वरूप का प्रत्यक्ष उदाहरण है। जहां गीता की जन्मस्थली पूरे विश्व में ज्ञान का प्रकाश दे रही है, वहीं हरियाणा सरकार की विकासात्मक उपलब्धि देश के अग्रणी राज्यों में हरियाणा को अतुलनीय पहचान दे रही है। उप राष्ट्रद्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उदघाटन करने के उपरांत अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ब्रह्मसरोवर पुरुषोतमपुरा बाग में राज्यस्तरीय प्रगतिशील हरियाणा प्रदर्शनी का उदघाटन एवं अवलोकन किया। जनसंपर्क विभाग हरियाणा द्वारा तैयार प्रगतिशील हरियाणा राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में हरियाणा सरकार की 9 साल की उपलब्धियों को विस्तार से देखा और कहानी, अभिलेख व तस्वीरों की जुबानी की प्रदर्शनी को देखते हुए हरियाणा के गौरवमयी इतिहास सहित हरियाणा की विकास योजनाओं को प्रदर्शित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कार्यशैली की सराहना की। इस प्रदर्शनी में उप राष्ट्रपति ने हरियाणा सरकार की विभागीय विकासात्मक उपलब्धियों व जनसेवा को समर्पित विकास योजनाओं को लेकर लगाई गई स्टॉल का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के गौरवमयी इतिहास के साथ ही 9 साल में बदलते हरियाणा के विकासात्मक पहलुओं को दशार्ती प्रदर्शनी में उप राष्ट्रपति को अन्य विकासोन्मुखी रूपरेखा से अवगत कराया। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ अमित अग्रवाल ने विभागीय प्रदर्शनी के बारे में उप राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री व अन्य अतिथिगणों को विस्तार से जानकारी दी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी, राज्यमंत्री संदीप सिंह, विधायक सुभाष सुधा, पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल, केडीबी के सदस्य सचिव विकास गुप्ता, आयुक्त अंबाला मंडल रेणू फुलिया, उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र भौरिया, भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान, अतिरिक्त निदेशक कुलदीप सैनी, हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, एडीसी एवं केडीबी सीईओ अखिल पिलानी आदि मौजूद रहे।

### गीता ज्ञान संस्थानम केंद्र में किया पौधारोपण

*कुरुक्षेत्र। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 के कार्यक्रमों के बाद गीता ज्ञान संस्थानम केंद्र के प्रांगण में पौधारोपण किया। यहां पर उपराष्टद्रपति ने जीओ संग्रहालय का अवलोकन भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी गीता ज्ञान संस्थानम केंद्र के कार्यक्रमों में शिरकत की है। यहां पहुंचने पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने मेहमानों का परंपरा अनुसार स्वागत किया। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में रविवार को देर सायं ब्रहमसरोवर गीता महाआरती के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, उनकी धर्मपत्नी डा. सुदेश धनखड़, मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गीता ज्ञान संस्थानम केंद्र में जीओ संग्रहालय में पवित्र ग्रंथ गीता का पूजन किया और संग्रहालय का अवलोकन किया। इस दौरान मेहमानों ने भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरुप के लाइट एंड साउंड शो को भी देखा। इसके उपरांत गीता ज्ञान संस्थानम केंद्र में बने मंदिर का अवलोकन किया। इस परिसर के प्रांगण में उपराष्ट्रपति ने पौधा रोपण किया। यहां पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व उनकी धर्मपत्नी डा. सुदेश धनखड़ को पवित्र ग्रंथ गीता भेंट की है।*



कुरुक्षेत्र। गीता ज्ञान संस्थानम केंद्र में पौधारोपण करते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़। फोटो: हरिभूमि



कुरुक्षेत्र। ब्रह्मसरोवर पर आरती करते उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व मुख्यमंत्री मनोहर लाल। फोटो: हरिभूमि

### गीता स्थली कुरुक्षेत्र पूरे विश्व को दिखा रहा है सदभावना का मार्ग

कुरुक्षेत्र। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि अंतर्राष्टद्रीय गीता महोत्सव की तरफ पूरा विश्व आर्कषित हो रहा है। यह गीता स्थली कुरुक्षेत्र आने वाले कुछ समय में पूरे विश्व को शांति सदभावना का मार्ग दिखाने का काम करेंगा। इससे पूरे विश्व में संघर्ष मिट जाएगा और शांति सदभावना बन जाएगी। श्रीमद्भगवद् गीता हिन्दुओं के पवित्रतम ग्रन्थों में से एक है। महाभारत के अनुसार कुरुक्षेत्र युद्ध में भगवान श्री कृष्ण ने गीता का सन्देश अर्जुन को सुनाया था। रविवार को देर सायं ब्रहमसरोवर पुरुषोतमपुरा बाग में महोत्सव के गीता महाआरती कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी, विधायक सुभाष सुधा, असम के मुख्य सचिव पवन कुमार बोरठाकुर, असम के सांस्कृतिक एवं कॉमर्स मंत्री बिमल बोरहा, राज्यमंत्री संदीप सिंह, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल, अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के नोडल अधिकारी एवं केडीबी सदस्य सचिव विकास गुप्ता, मुख्यमंत्री के राजनैतिक सलाहकार भारत भूषण भारती, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह, हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान, आयुक्त अंबाला मंडल रेणू फुलिया सहित अन्य गणमान्य लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर ब्रहमसरोवर की महाआरती और पूजा-अर्चना की तथा दीपशिखा प्रज्ज्वलित कर विधिवत रुप से महाआरती का शुभारम्भ भी किया। इस महाआरती का गुणगान पंडित बलराम गौतम, पंडित सोमनाथ शर्मा, गोपाल कृष्ण गौतम, अनिल व रुद्र ने किया। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने मद के उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि कलयुग से 35 वर्ष पूर्व भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र की भूमि पर गीता का उपदेश दिया और महर्षि वेद व्यास ने पवित्र ग्रंथ गीता को प्रकट किया। भगवत गीता में एकेश्वरवाद, कर्म योग, ज्ञानयोग, भक्ति योग की बहुत सुन्दर ढंग से व्याख्या की गई है। पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश आज भी हमारे जीवन के रहस्यों को उजागर करते है, आज का इंसान जीवन की मोह माया में पड़ा रहता है। भगवत गीता का ज्ञान ही हमें इस संसारिक मोह-माया के बंधन से आजाद कर सकता है। गीता का ज्ञान ही स्वयं को और सर्वशक्तिशाली ईश्वर को पहचानने का अवसर देता है। ब्रहमद्दसरोवर की आरती से पर्यावरण शुद्घ होता है। यह एक आदि भौतिक, आदि दैविक एवं अध्यात्मिक दृष्टिद्द के साथ-साथ सामाजिक, सांस्कृतिक तथा वैज्ञानिक दृष्टिद्द से भी एक सिद्घ समग्र एवं समन्वित उपक्रम है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश पवित्र ग्रंथ गीता में है, जो मनुष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिसे हर मनुष्य को जानना बहुत जरूरी है। श्रीमद्भगवद्गीता वर्तमान में धर्म से ज्यादा जीवन के प्रति अपने दार्शनिक दृष्टिकोण को लेकर भारत में ही नहीं विदेशों में भी लोगों का ध्यान अपनी और आकर्षित कर रही है। निष्काम कर्म का गीता का संदेश विश्व के सभी गीता प्रेमियों को भी लुभा रहा है।



लाडवा। रोटरी, रोटरेक्ट व इनरव्हील क्लब के सदस्य गर्म कपड़े वितरित करते हुए।

### जरूरतमंद परिवारों को बांटे गर्म कपड़े

लाडवा। शहर की अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी, रोटरेक्ट व इनरव्हील क्लब ने अनाज मंडी व ईंट भट्टों पर गरम कपडे बांटे। प्रोजेक्ट चेयरमैन अमन चोपड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रोटरी, रोटरेक्ट व इनरव्हील क्लबों की तरफ से शहर से पुराने व उपयोगी वस्त्र एकत्रित कर उन्हें ईंट भट्टों पर रह रहे मजदूरों व अनाज मंडी में काम कर रहे श्रमिकों को बांटा गया। रोट्रेक्ट प्रधान गौरव गंभीर ने बताया कि क्लब हर वर्ष यह अभियान चलाती है जिसमें शहर से पुराने वस्त्र इकट्ठे कर क्लब के सदस्य उनमे से उपयोगी वस्त्र छांटते हैं और आयु व लिंग वर्ग के अनुसार उन्हें अलग अलग करके ईंट भट्टों पर रह रहे मजदूरों को बांटते हैं और इस वर्ष भी शहर से काफी मात्रा में कपडे इकठे किये गए जिनकी क्लब के सदस्यों द्वारा कई दिन की मेहनत से छंटाई की गयी और बढ़ती हुई सर्दी को देखते हुए इन वस्त्रों को ईंट भट्टों के जरूरतमंद मजदूरों व शहर की अनाज मंडी के श्रमिकों को बांटा गया।

## श्रीचमकौर साहिब और श्रीफतहगढ़ साहिब के किए दर्शन

- यात्रा प्रोजेक्ट चैयरमेन डॉ. एस एस खुराना की अध्यक्षता में रवाना हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



रोटरी क्लब शाहबाद ने अपने सदस्यों को श्रीचमकौर साहिब और श्रीफतहगढ़ साहिब सरहन्द पंजाब में गुरुद्वारा साहिब के दर्शन करवाए। यह यात्रा प्रोजेक्ट चैयरमेन डॉ. एस एस खुराना की अध्यक्षता में रवाना हुई। क्लब के प्रधान आशुतोश गर्ग, सदस्य प्रितपाल सिंह ढिल्लो और डॉ आर एस घुम्मन ने सभी सदस्यों को श्री चमकौर साहिब और श्रीफतहगढ़ साहिब के इतिहास से अवगत करवाया। यात्रा ने पहले छोटे साहिबजादों की शहादत की याद में बने गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब के दर्शन किए और उसके बाद गुरुद्वारा शहीदी स्थान और गुरुद्वारा ज्योति सरूप के दर्शन करने के बाद यात्रा चमकौर साहिब की और रवाना हुई। यहां सदस्य शहीदी जोड़ मेला देखने के बाद गुरुद्वारा श्री कतलगढ़ साहिब, ताड़ी साहिब, गढ़ी साहिब और अन्य ऐतिहासिक गुरुद्वारों में नतमस्तक हुए। सदस्य प्रितपाल सिंह ढिल्लो ने बताया कि गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब और श्री चमकौर साहिब सिखों का एक मुख्य धार्मिक स्थल है। इस यात्रा में रोटरी सदस्य सतविंदर सिंह गाबा, वीरेंदर ठकुराल, नीरज गुप्ता, विक्रम गुप्ता, राज कुमार गर्ग, चन्दर प्रकाश, सुभाष सिंगला, मदन गर्ग, महेश गोयल, डॉ. उमेश गर्ग, संदीप ऋषि गुप्ता, आर डी गुप्ता, हरमिंदर सिंह संधू और जतिंदर सिंह परिवार के साथ शामिल हुए।

## न्यूज डायरी

### आरएमपी एसोसिएशन ने महोत्सव में बांटी चाय



कुरुक्षेत्र। आरएमपी एसोसिएशन द्वारा गीता महोत्सव के अवसर पर रविवार को ब्रहमसरोवर परिसर में आने वाले पर्यटकों को निशुल्क चाय का वितरण किया गया। आरएमपी एसोसिएशन के प्रधान डा. जसवंत सिंह ने बताया कि गीता महोत्सव के दौरान निशुल्क चाय का स्टॉल लगाया गया जिसमें लोगों को आरएमपी एसोसिएशन के कार्यों से अवगत कराया गया और चाय बांटी गई। इस मौके पर जिला प्रधान डॉक्टर जसवंत सिंह, कैशियर धर्मवीर राई हरियापुर, सत्यनारायण शर्मा, महेंद्र मथाना, पवन खेरा, संजीव मथाना, जोधा सिंह, पवन भट्ट माजरा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### राहुल गांधी ने बढ़ाया युवाओं का मान सम्मान



कुरुक्षेत्र। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा जीतू पटवारी को मध्य प्रदेश का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके अलावा उमंग सिंघार को सीएलपी लीडर व हेमंत कटारे को डिप्टी लीडर नियुक्त है। कांग्रेस ओबीसी सैल के प्रदेश संयोजक व जिला प्रभारी पानीपत प्रवीन कश्यप दयालपुर ने कहा कि जीतू पटवारी को मध्य प्रदेश का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर राहुल गांधी ने युवाओं और ओबीसी समाज का मान सम्मान बढ़ाया है। इससे युवा वर्ग में ओर अधिक जोश पैदा हुआ है। पार्टी में युवाओं को बड़े पदों पर मौका मिलने से युवा वर्ग उत्साहित है। युवा किसी भी पार्टी की रीढ़ होते है। उन्होंने कहा कि युवा जीतू पटवारी को मध्यप्रदेश की कमान सौंपने पर पार्टी को मध्य प्रदेश में पहले से अधिक मजबूती मिलेगी। प्रवीन कश्यप ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में भी पार्टी आलाकमान को युवाओं को मौका दिया जाना चाहिए।

### गीता चरित्र निर्माण का सबसे बड़ा और उत्तम शास्त्र



कुरुक्षेत्र। यज्ञ वैदिक काल से एक प्रचलित अवधारणा रही है। यह अग्निहोत्र जैसी कर्मकांड परक क्रिया से लेकर आत्म परिष्कार की प्रखर आध्यात्मिक साधना को समाहित करता है। अन्य पुरातन विधाओं के समान यज्ञ की स्थूल मान्यता भी आज लोक प्रतिष्ठित है। यज्ञ का व्यापक अर्थ श्रीमदभगवद्गीता में मिलते हैं। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय श्रीमद्भगवद्गीता जयंती समारोह ए 2023 के उपलक्ष्य में आयोजित अठारह दिवसीय विश्वमंगल महायज्ञ के बारहवें दिवस मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किए। विद्यार्थियों ने श्रीमद्भगवद्गीता के बारहवें अध्याय के श्लोकों की यज्ञ में आहुति डालते हुए विश्व मंगल की प्रार्थना की।

### जयराम विद्यापीठ में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता



थानेसर। देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से गीता जयंती महोत्सव 2023 के अवसर पर जयराम विद्यापीठ में आयोजित राज्य स्तरीय अंतर्विद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों और अध्यापकों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। गीता जयंती सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन कमेटी की संयोजिका अंजू अग्रवाल एवं राजेंद्र सिंघल ने बताया कि विद्यापीठ में आयोजित सभी प्रतियोगिताएं गीता तथा भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं पर आधारित हैं। प्रतियोगिता में विजडम वर्ल्ड स्कूल तथा एस.डी. स्कूल अम्बाला कैंट ने प्रथम स्थान हासिल किया।

### आरएमपी एसोसिएशन ने महोत्सव में बांटी चाय



कुरुक्षेत्र। आरएमपी एसोसिएशन द्वारा गीता महोत्सव के अवसर पर रविवार को ब्रहमसरोवर परिसर में आने वाले पर्यटकों को निशुल्क चाय का वितरण किया गया। आरएमपी एसोसिएशन के प्रधान डा. जसवंत सिंह ने बताया कि गीता महोत्सव के दौरान निशुल्क चाय का स्टॉल लगाया गया जिसमें लोगों को आरएमपी एसोसिएशन के कार्यों से अवगत कराया गया और चाय बांटी गई।

## कांग्रेस नेता के पुत्र के निधन पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व समाजसेवी रण सिंह देशवाल के युवा पुत्र प्रिंस देशवाल के निधन पर शोक जताने के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा सहित अनेकों नेता रविवार को उनके निवास स्थान गांव सरायसुखी पहुंचे। अशोक अरोड़ा ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि प्रभु की इच्छा के सामने हम कुछ भी नहीं कर सकते परंतु दुःख की इस घड़ी में हमें धैर्य से काम लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार देशवाल के साथ है। राज्यसभा सांसद व मध्यप्रदेश के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला के चाचा बलजिंदर सिंह सुरजेवाला व जगरूप सुरजेवाला और एसई पीडब्ल्यूडी भाई विकास सुरजेवाला भी शोक जताने पहुंचे। उनके अलावा युवा मजदूर किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन सोंटी, घराड़सी के सरपंच जसमेर सिंह, नैब सिंह अटवान, मिहां सिंह रंगा, मान सिंह सरपंच और किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव जगत सिंह आदि रहे।

### शिविर में 72 लोगों ने किया रक्तदान



पिहोवा। भारत विकास परिषद भवन जे पी कॉलोनी में एचडीएफसी बैंक कैथल के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नोबल ब्लड बैंक अंबाला रोड कैथल की टीम ने आकर के रक्त एकत्रित करने में सहयोग दिया। लगभग 72 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया सभी रक्तदाताओं को याद करके तौर पर सर्टिफिकेट के साथ मोमेंटो अंकित पपनेजा मेमोरियल फंड की ओर से दिए गए। कैंप में बैंक की ओर से कमलकांत गोयल, अजय वर्मा जी ने अपना सहयोग दिया। इस अवसर पर निर्धन वर्ग के लोगों को भी सर्दियों से बचने के लिए कंबल बांटे गए। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष ज्ञान भूषण पपनेजा ने कहा कि खून में आयरन की अधिक मात्रा ब्लड वेसल्स को ब्लॉक कर देती हैं। जिसकी वजह से हार्ट अटैक की संभावना बढ़ जाती है।

## हमारी आंतरिक स्थिति हम पर ही नहीं पूरे समाज पर प्रभावी

# योग आयोग के ध्यान योग शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में आयोजित ध्यान योग शिविर में दीप प्रज्वलित करते अध्यक्ष एवं सभी अतिथि गण। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं कर्मठ आयुष मंत्री अनिल विज के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव, 2023 के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के तत्वावधान में 17 से 24 दिसंबर तक ब्रह्म सरोवर के उत्तरी तट स्थित मेडिटेशन हॉल में सभी योग संस्थाओं के सहयोग से आयोजित आठ दिवसीय योग व ध्यान साधना शिविर का आज शुभारंभ हुआ। आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य, मुख्य अतिथि भारतीय रेलवे पुरस्कार से सम्मानित हार्टफुलनेस के ट्रेनर संजय उप्रेती, विशिष्ट अतिथि नागेंद्र सिंह, डॉ वीरेंद्र सिंह, रामकुमार, जोगेंद्र सिंह व जगन्नाथ सहित सभी उपस्थित योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि संजय उप्रेती ने हार्टफूलनेस की विधि से योग एवं ध्यान साधना का सुंदर अभ्यास करवाया। डॉ गौरव एवं सौरभ ने श्रीमद् भागवत गीता का श्लोकोच्चारण पाठ करवाया। आयोग के अध्यक्ष जयदीप आर्य प्रथम रजिस्ट्रार डॉ हरिश्चंद्र, आयोग के सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा, डॉ पवन गुप्ता व विभिन्न योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों व राजकीय संस्कृत मॉडल स्कूल कुरुक्षेत्र के प्रिंसिपल डॉ सचिंद्र कोड़ा को आयोग की ओर से पुष्प गुच्छ व समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष डॉक्टर जयदीप आर्य ने समत्वं योग उच्यते की सुंदर व्याख्या की। सायं कालीन सत्र में मानव उत्थान सेवा समिति के कार्यक्रम में श्री सतपाल जी महाराज के परम अनुयायी महात्मा हरि संतोषानंद, महात्मा अनुसूया बाई, महात्मा अनुगीत बाई व महात्मा अपरा बाई को पुष्प कुछ व समृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

### भागवत कथा का किया शुभारंभ

कुरुक्षेत्र। स्नेहित सरोवर के तट पर श्री ब्राहमण एवं तीर्थोद्घार सभा, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड तथा राष्ट्र सेविका समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर आयोजित भागवत कथा का शुभारंभ वेद मंत्रोच्चारण के साथ नगर परिषद की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा ने किया। कथा स्थल पर पहुंचने पर श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोंद्घार सभा के मुख्य सलाहकार जय नारायण शर्मा, प्रधान श्याम सुंदर तिवारी तथा प्रधान महा सचिव रामपाल शर्मा के नेतृत्व में संरक्षक मंडल के सदस्यों व पदाधिकारियों ने उमा सुधा का शंख ध्वनि के बीच पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। श्रीमती सुधा ने स्नेहित तीर्थ का पूजन वेद पाठी ब्रह्मणों द्वार मंत्रोच्चारण के साथ किया।

## खबर संक्षेप



### सीता-राम विवाह महोत्सव में निकाली राम की बारात

**नारायणगढ़।** श्रीमहाकाली मंदिर में सीता-राम विवाह महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला संकीर्तन के साथ-साथ पूजन भी किया गया तथा श्रीराम की बारात भी निकाली गई। इस बारात में अनेकों महिलाओं तथा पुरूषों ने भाग लिया।

### 24 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी इंद्रपाल को 24 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। अब उसे जेल भेज दिया गया है। सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की तस्करी का कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर आरोपी को शराब समेत काबू किया है।

### सीवन माजरा से विवाहिता लापता

**बराड़ा।** गांव सीवन माजरा से एक विवाहिता के लापता हो गई है। गांव के मेहर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत मजदूरी करता है। बडा लडक़ा नीलू राम लगभग दो वर्ष से मलेशिया गया हुआ है। उसके पास दो बच्चे है। उसकी पत्नी रीटा अपने बच्चों के साथ रहती है। 13 दिसंबर को रीटा किसी को बिना बताए कहीं चली गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आप की बदलाव यात्रा शहर में प्रवेश

# पूर्व मंत्री बोले-प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था बेहाल, 1585 स्कूलों में शौचालय तक नहीं

बाजारों से होकर निकली यात्रा का लोगों को मिला भरपुर समर्थन, चित्रा बोली, केजरीवाल के दिल्ली मॉडल की पूरी दुनिया में चर्चा





**अंबाला।** शहर के बाजारों से होकर निकलती आप की बदलाव यात्रा का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

आम आदमी पार्टी की की ओर से निकाली जा हरी प्रदेश स्तरीय बदलाव यात्रा रविवार को अंबाला शहर में प्रवेश कर गई। आप के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव एवं पूर्व मंत्री चौधरी नर्मिल सिंह और प्रदेश उपाध्यक्ष चत्रिा सरवारा इस बदलाव यात्रा की अगुवाई कर रहे हैं। अंबाला शहर की सड़कों से होकर निकली यात्रा मंजी साहिब गुरुद्वारा से शुरू होकर जगाधरी गेट पर संपन्न हुई। यात्रा का अंबाला शहर के मुख्य बाजारों में समाजसेवी लोगों द्वारा भव्य स्वागत भी किया गया। इस दौरान उनके साथ लीगल सेल के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मोक्ष पसरीजा भी मौजूद रहे। चौधरी नर्मिल सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा आम आदमी पार्टी के संयोजक और दल्लिी के सीएम अरविंद केजरीवाल के विजन को प्रदेश के हर घर तक पहुंचाने के लिए निकाली जा रही है। बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, शक्षिा, स्वास्थ्य और बिजली-पानी इन सभी मुद्दों को लेकर आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा जारी है। बदलाव यात्रा को प्रदेश की जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शक्षिा व्यवस्था आम आदमी पार्टी की प्राथमिकता में है। इसका जीता जागता उदाहरण दल्लिी की अरविंद केजरीवाल सरकार है। एक तरफ जहां दल्लिी में आम आदमी पार्टी ने शक्षिा व्यवस्था में क्रांति लाई है, वर्ल्ड क्लास स्कूल बनाएं हैं। जिसकी चर्चा विदेशों तक है। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में शक्षिा व्यवस्था का बुरा हाल है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार ने हाईकोर्ट में खुद माना है कि यहां1585 स्कूलों में शौचालय नहीं है जिसमें से 550 स्कूल छात्राओं के हैं। 236 स्कूलों में बिजली के कनेक्शन नहीं हैं, 30 हजार से ज्यादा शक्षिकों के पद खाली पड़े हैं। 8240 क्लास रुम की कमी है। आजादी के 76 साल बाद भी बच्चे टाट पर बैठते हैं, 20 किलोमीटर के दायरे में साइंस स्ट्रीम नहीं हैं। उन्होंने कहा सबसे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि सरकार ने 10675 करोड़ रुपए का बजट स्कूलों पर बिना खर्च किए वापस भेज दिया। शक्षिा व्यवस्था भाजपा सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। इसलिए इस बदलाव यात्रा के माध्यम से आम आदमी पार्टी अरविंद केजरीवाल के विजन को प्रदेश के लोगों तक पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठे लोगों की पार्टी है। भाजपा ने 2 करोड़ लोगों को नौकरी देने का वादा किया था और किसानों से एमएसपी पर कानून बनाने का वादा किया था। इसके अलावा बहुत से वादे भाजपा ने सरकार में आने से पहले किए थे। लेकिए एक भी वादा पूरा करने में भाजपा सरकार नाकाम रही है। अब लोगों का भाजपा सरकार से लोगों का वश्विास उठ चुका है और लोग बदलाव के लिए तैयार है। चत्रिा ने कहा कि भाजपा की संकल्प यात्रा के प्रदेश के गांव में काले झंडे दिखाए जा रहे हैं और भाजपा की यात्रा को करवाने के लिए गांव के सरपंचों पर प्रशासन द्वारा दबाव डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों के साथ जो दुर्वव्यवहार किया वो पूरी दुनिया ने देखा। इसलिए भाजपा कुछ भी करले लेकिन उनकी संकल्प यात्रा लोगों के दिलों तक कभी नहीं पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में दल्लिी और पंजाब में किए गए आम आदमी पार्टी के कामों की चर्चा है।



**अंबाला।** जजपा के कार्यकारिणी में मनोनीत हुए पदाधिकारी जिलाध्यक्ष दलबीर पुनिया के साथ। फोटो :हरिभूमि

## जजपा कार्यकर्ताओं ने किया नए पदाधिकारियों का अभिनंदन

- ताऊ देवी लाल भवन सेक्टर 8 स्थित जजपा कार्यालय में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रविवार को जन नायक जनता पार्टी की मीटिंग ताउ देवी लाल भवन सेक्टर 8 स्थित जजपा कार्यालय अंबाला शहर में हुई । इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दलबीर सिंह पूनिया ने की । मीटिंग में नम्नि एजेडों पर विचार किया गया ।सर्व प्रथम पार्टी के वरष्ठि नेता सुरजीत सिंह सौंडा की धर्मपत्नी तथा जिला प्रवक्ता संदीप राणा के पिता डॉक्टर सतपाल राणा के निधन पर दो मिनट का मौन रख कर शोक प्रकट किया गया। मीटिंग में पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। अनिल जंधेड़ी वरष्ठि जिला उपाध्यक्ष ने जिला उपाध्यक्ष बनाने पर पार्टी हाईकमान का धन्यवाद किया। हरबिलास रज्जू माजरा ने कहा कि पार्टी जो भी कार्य देगी वह तन मन से करेंगे। सरबन सिंह ने जिला उपाध्यक्ष बनाने पर पार्टी की लीडर शिप का धन्यवाद किया। जिला अध्यक्ष दलबीर सिंह पूनिया ने जिला की कार्यकरिणी के नए बने सदस्यों की बधाई दी और पार्टी की मेंबरशिप की मुहिम में तेजी लाने के आदेश दिए। जिला बार एसोसिएशन के उप प्रधान बनने पर जगतार सिंह को बधाई दी गई। सभी ने फूल मालाएं डाल कर स्वागत किया। इस मौके नायब सिंह गुज्जर, डॉ. एमएस ढल्लिो, मनदीप बोपाराय, हरबंस कक्कड़माजरा, मोहित राणा, शमशेर सिंह राणा, नरेश श्योराण, चुहड़ सिंह, काकू राणा, राजकुमार राणा, मनोज कुमार, करनैल सिंह, मुकेश कुमार, जसवंत सिंह मोहड़ी, भूपिंदर सिंह, वक्रिम सिंह, चमन दुखेडी, चंदर भान, पुनिल संधू, राहुल सोनकर, जसवंत सिंह, अमरनाथ कुराली, रामदास, जतिंदर सिंह, मनोहर लाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दो भगौड़े पुलिस के हत्थे चढ़े

**बराड़ा।** थाना बराडा में दर्ज मामले में वांछित आरोपी अंकित व विजय को अदालत ने भगौड़ा घोषित किया था। इस मामले में पुलिस ने अब आरोपियों को काबू किया है। दोनों आरोपी अपने खिलाफ पहले दर्ज केस की सुनवाई में शामिल नहीं हो रहे थे। इसी वजह से अदालत ने दोनों आरोपियों को भगौड़ा घोषित कर दिया था। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।



**अंबाला।** ब्राह्मण सभा की चयनित नई कार्यकारिणी। फोटो :हरिभूमि

## जिला ब्राह्मण सभा की कार्यकारिणी गठित, सीएम शुक्ला को मिली प्रधानगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- पुरानी कार्यकारिणी को विधिवत रूप से भंग करने का किया ऐलान

अंबाला जिला ब्राह्मण सभा, परशुराम भवन मॉडल टाऊन में आम सभा का आयोजन हुआ। इसमें पुरानी कार्यकारिणी को विधिवत भंग किया गया। सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। इसमें चंद्र मोहन शुक्ला प्रधान, कृष्ण कुमार शर्मा वरष्ठि उप प्रधान, वीरभान शर्मा उप प्रधान, राकेश शर्मा महामंत्री, चंद्र मोहन बक्शी कोषाध्यक्ष चुने गए। इस मौके पर बृज भूषण कौशिक बोह, रमेश शर्मा, प्राणनाथ शर्मा, रमेश कुमार, सीएम बक्शी, राजद्रिं शर्मा, शशिकांत शर्मा, दिलबाग राय शर्मा, एमजी दत्ता, नरद्रिं कुमार, जुगल किशोर शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, बीबी शर्मा, रजनीश शर्मा जंडली, नरद्रिं शर्मा निंदी, सुदर्शन कुमार शर्मा, रामफल शर्मा, रमेश शर्मा, नरद्रिं शर्मा भी मौजूद रहे।

# सरकार ने हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

जटवाड़ पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, जिप चेयरमैन लाड़ी ने किया ग्रामीणों को संबोधित

जिला परिषद चेयरमैन राजेश कुमार लाडी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है। प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ जनसंवाद कार्यक्रम को जोडक़र मुख्यमंत्री ने एक अनूठी पहल की है। इससे कि लोगों के साथ सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को जानकर उनका निवारण करवाया जा सके । उन्हें केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कामों से अवगत करवाया जा सके।

लाड़ी रविवार को गांव जटवाड़ में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे इस मौके पर उन्होंने ने गांव जटवाड़ में 4 लाख रूपए स्ट्रीट लाईट के लिए देने की घोषणा की। लाडी ने उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित देश की शपथ दिलवाते हुए कहा कि सरकार द्वारा





**शहजानपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्टालों का मुआयना करते जिप चेयरमैन व महिला की गोद भराई की रस्म अदा करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई गई हैं। अंतिम छोर में खड़े योग्य व्यक्ति को योजना का लाभ दिलवाने के लिए सरकार कृत संकल्प हैं। उन्होंने कहा कि बीपीएल की वार्षिक आय सीमा को बढ़ा कर 1.80 लाख रुपए किया गया है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन को बढ़ाकर 2750 रुपए मासिक दिया जा रहा है जो नए साल में जनवरी से तीन हजार रुपए मासिक हो जाएगी। बीपीएल परिवारों को मकान मरम्मत के लिए सहायता राशि को 25 हजार से बढ़ाकर 80 हजार रुपए किया गया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में गरीब परिवारों को हरियाणा प्रदेश में लगभग दस लाख रसोई गैस कनेक्शन दिए गए हैं। इसके साथ-साथ अन्य योजनाओं का लाभ भी लाभार्थियों को सुगमता से उपलब्ध करवाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान 6 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, 4 लोगों को बीपीएल कार्ड, फैमिली आईडी में शुद्धिकरण, स्वास्थ्य विभाग ने 130 लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए उन्हें दवाईयां भी दी।

इसी प्रकार नसडोली गांव में 2 आयुष्मान कार्ड, 3 बीपीएल कार्ड, वन विभाग द्वारा 130 पौधे बांटे गए तथा स्वास्थ्य विभाग ने 73 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाई भी दी। यूको बैंक द्वारा 2 लोगों को कार लोन के बारे जानकारी दी गई, 2 पशुपालकों को दवाईयां दी गई, इस मौके बीडीपीओ नेहा शर्मा, मंडल अध्यक्ष शहजादपुर संजीव गुज्जर, जटवाड़ सरपंच सोनी, डीएनटी बोर्ड मेंबर अशोक पाल, मंडल महामंत्री नीटू शर्मा, वक्रिम राणा, बलदेव, सतीश कुमार, ब्लॉक समिति सुभाष, प्रवेश शर्मा, रवन्द्रि, मुकेश, गांव नसडौली पंच हरनेक, सम्मू राणा व सतपाल मौजूद रहें।

## भगवान वाल्मीकि शिक्षा प्रचार समिति की नई कार्यकारिणी का गठन, सलिंद्र को मिली जिम्मेदारी



**बराड़ा।** समिति की नई कार्यकारिणी के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

- सिरसगढ़ आश्रम में मीटिंग के दौरान सहमति से हुआ गठन, प्रधान को पहनाई गई पगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

भगवान वाल्मीकि आश्रम सिरसगढ़ में एक आम बैठक का आयोजन किया गया। इसमें भगवान वाल्मीकि शिक्षा प्रचार समिति हरियाणा का चुनाव कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी का गठन कोरोना के चलते लंबित था। इस बैठक में मौजूद लोगों ने आपसी चर्चा विचार कर सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें सलिंद्र कुमार झाड़ू माजरा को संस्था का प्रधान चुना गया तथा रिंकू मचल को उपप्रधान, सुरजीत परोचा को महासचिव, विनोद मुलाना को सचिव, हरपाल सिंह को सलाहकार, सतीश कुमार रामपुर को मुख्य सलाहकार, सतीश लोहट को कोषाध्यक्ष व प्रदीप कुमार अधोया को सह- कोषाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर समाज के लोगों द्वारा नव नर्विाचित प्रधान व पूर्व प्रधान को पगड़ी पहनकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सोहनलाल, पालाराम, सलिंदर उगाला, संदीप खोड़ा, गौरव लोहट तथा मोहन परोचा उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

## एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे उपराष्ट्रपति, गृहमंत्री ने किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व उनकी धर्मपत्नी श्रीमति डॉ. सुदेश धनखड़ रविवार को हवाई मार्ग से अंबाला छावनी एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे। यहां पहुंचने पर गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज, एयर फोर्स के एओसी एस कृष्णन, मेयर शक्ति रानी शर्मा, उपायुक्त डॉ. शालीन, पुलिस अधीक्षक जश्नदीप सिंह रंधावा व जिला परिषद् के चेयरमैन राजेश लाडी ने उनका स्वागत किया।

बता दें कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ कुरूक्षेत्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव-2023 में बतौर मुख्यअतिथि भाग लेने के लिए अंबाला छावनी एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे थे। यहां से हवाई मार्ग के माध्यम से वे कुरूक्षेत्र गए। उपराष्ट्रपति के छावनी एयरफोर्स स्टेशन पर आगमन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे। आसपास के एरिया को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया था। बाकायदा यहां धारा 144 लागू की गई थी।



**अंबाला।** छावनी एयरफोर्स स्टेशन पर उपराष्ट्रपति व उनकी पत्नी का अभिनंदन करते गृहमंत्री अनिल विज। फोटो :हरिभूमि

## 47 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई, निःशुल्क चश्में भी बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

श्री सनातन धर्म महावीर दल के तत्वाधान में रविवार को लगाए गए निशुल्क नेत्र चिकत्सिा शिविर में 47 नेत्र रोगियों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। बजरंग भवन में लगाया गया यह शिविर कपिल आई अस्पताल तथा माधव नेत्र बैंक के सहयोग से लगाया गया। महावीर दल के प्रधान प्रीतम गुलाटी ने बताया कि इस शिविर में कपिल आई अस्पताल अम्बाला शहर से आई डॉक्टरों की टीम ने लोगों की आंखों की बिमारियों की जांच की तथा उन्हें निःशुल्क दवाईयां भी वितरित की तथा उन्हें नंबर देने के साथ-साथ चश्में भी दिए गए। गये। उन्होंने बताया कि हर महीने के तीसरे रविवार को शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें लोग अपनी आंखों की जांच करवाकर लाभ उठा रहे हैं। इस अवसर पर श्री सनातन धर्म महावीर दल के पूर्व प्रधान जगदीश चंद वर्मा, विनोद वर्मा, नरेश शेरपा, मास्टर सतीश कुमार , कुलबीर कपूर, आदर्श गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## दिल्ली से शुरू हुई गुरू तेग बहादुर के शहादत दिवस को लेकर निकाली गई यात्रा अंबाला पहुंची, मेयर ने मत्था टेककर किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गुरु तेग बहादुर जी के 350 साला शहादत दिवस पर चांदनी चौक दिल्ली के गुरुद्वारा शीशगंज साहिब से भाई मंजीत सिंह की अगुवाई में शुरू हुई यात्रा रविवार को अंबाला शहर के गुरुद्वारा शीशगंज साहिब में पहुंची। यहां पहुंचने पर मेयर शक्तिरानी शर्मा ने नतमस्तक होकर इस पवित्र यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के आगे चल रहे पंज प्यारों को पुष्प अर्पित कर पवित्र पालकी में गुरु साहिब को मात्था टेका। इस अवसर पर भाई सुखविंदर पाल सिंह इस पावन यात्रा के लिए सारी संगत के साथ इंतजामात में साथ रहे। गौरतलब है कि रविवार को गुरु तेग बहादुर जी



**अंबाला।** गुरू तेग बहादुर की शहादत दिवस पर अंबाला पहुंची यात्रा का अभिनंदन करती मेयर व अन्य।

का 350 साला शहादत दिवस है। जब उन्होंने दल्लिी के चांदनी चौंक में कौम व देश के लिए अपना शीश तक कटवा दिया था व भाई जैता गुरु तेग बहादुर के शीश को दल्लिी से बागपत, तरावड़ी होते हुए अंबाला शहर में जहां गुरुद्वारा शीश गंज साहिब है यहां रुके थे। मेयर शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि गुरु तेग बहादुर को हिंद की चादर भी कहा जाता है। महज 13 साल की आयु में उन्होंने अपने पिता के साथ मुगल सेना की एक टुकड़ी को पराजित किया था। गुरु तेग बहादुर ने औरंगजेब जैसे कट्टर मुगल शासक के अत्याचारों से लोगों की रक्षा की थी तथा कभी भी उसके आगे झुके नहीं थे। 18 दिसंबर को यह पावन शीश मार्ग यात्रा का श्री आनंदपुर साहिब में समापन होगा। इस अवसर पर मेयर के साथ निगम सदस्य राजेंद्र कौर, पूर्व सदस्य बृजलाल सिंगला, संजीव शर्मा, राजू सेठी, बलविंदर पिंदा , पिंकी शर्मा, विनीत भाई, कमल, मदनलाल, राजू कांवला, कुलप्रीत सिंह व राजकुमार गुप्ता साथ रहे।

### गांव बड़ी घेल में लगाया निःशुल्क चेकअप कैंप

**अंबाला।** पं. केदारनाथ शर्मा चेरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ से इस बार निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप रविवार को कम्युनिटी सेंटर गांव बड़ी घेल में लगाया गया। कैंप का 296 ग्रामीणों ने लाभ उठाया। कैंप में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड , लिपिड प्रोफाइल एचबी समेत कई टेस्ट निशुल्क किए गए। साथ ही आयुष्मान कार्ड, परिवार पहचान पत्र भी मौके पर ही बनाए गए।इस अवसर पर अम्बाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने सर्वप्रथम कैंप में सेवाओं के लिए आए डाक्टरों का धन्यवाद किया। कैंप में डॉ. ओपी.आर्य ने 95 लोगों की आंखों को जांचा। डॉ. आरसी जिंदल ने 57 लोगो की हड्डियों से संबंधित बीमारियों का उपचार किया। डॉ. गजल राजपूत ने 94 लोगों की सेहत की जांच की। 40 लोगों ने रक्त की जांच करवाई।